Title: Need to accord sanction to the proposal of Government of Bihar for setting up of an Industrial Development Centre at Munghyr - Laid.

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : महोदय, बिहार राज्य का मुंगेर जिला मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर पड़ता है। मुंगेर जिले में औद्योगिक विकास केन्द्र की स्वीकृति के लिए बिहार सरकार ने 1992-93 में एक प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के उद्योग विभाग को भेजा था, लेकिन इसके बाद से लगातार आठ वर्षों के गुजर जाने के बाद भी अभी तक केन्द्रीय सरकार ने उसकी स्वीकृति नहीं दी है।

मुंगेर प्राचीनतम नगरों में से एक है। आजादी के बाद मुंगेर दिन-प्रति-दिन औद्योगिक दृटि से पिछड़ता चला गया है। हालात यह है कि सारे कुटीर उद्योग बर्बाद हो गए हैं। यदि भारत सरकार औद्योगिक विकास केन्द्र स्वीकृति दे देगी तो वहां के बेरोजगार युवक प्रशिक्षण ले सकेंगे, जिससे कुटीर उद्योगों का विकास किया जा सकता है।

अत: मैं उद्योग मंत्री से मांग करता हूं कि बिहार के मुंगेर जिला में औद्योगिक विकास केन्द्र की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान करें।